बिहार सरकार

अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग

सं0सं0–3 / नि0छात्रावास(निर्माण / जीर्णोद्धार)11–05 / 2020– 183

प्रेषक,

संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी,भा०प्र०से०
सरकार के सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 08/10/2026

विषय–स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर आवासीय +2 उच्च विद्यालय, राघोपुर बखरी, प्रखंड–डुमरा, सीतामढ़ी के बालक छात्रावास सं0–2 (बिरसा मुण्डा हॉस्टल) G+2 में Renovation of E/W & E/I (विधुत संबंधित जीर्णोद्धार कार्य) हेतु भवन निर्माण विभाग का पत्रांक –4100(भ0)अनु0 दिनांक–06.05.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन कुल– ₹24,96,785 / –(चौबीस लाख छियान्वे हजार सात सौ पचासी रू0) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति।

आदेश :–स्वीकृत ।

2– स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के भवन का अनुरक्षण और मरम्मत हेतु भवन निर्माण विभाग के मांग सं0–03 मुख्य बजट शीर्ष–2059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–उपमुख्यशीर्ष–60–अन्य भवन–लधु शीर्ष 053–रखरखाव तथा मरम्मत–उपशीर्ष–0014–अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के भवन का अनुरक्षण और मरम्मत हेतु विषय शीर्ष–2702–अनुरक्षण एवं मरम्मत विपत्र कोड–03–2059600530014 के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

3– राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा निर्गत परिपत्र पत्रांक–2561 दिनांक 17–4–1998 तथा समय–समय पर वित्त विभाग / राज्य सरकार द्वारा निर्गत परिपत्रों के निहित निदेशों के आलोक में राशि की निकासी एवं व्यय किया जायेगा।

4– स्वीकृत राशि के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे।

5–इस राशि की निकासी हेतु महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

6–मरम्मति कार्य भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन तथा निर्धारित मापदण्ड, अनुज्ञेय सीमा एवं निर्धारित समय सीमा के अन्दर निर्माण करा लिया जायेगा। साथ ही कार्य के प्रत्येक चरण पर विभिन्न कोणों से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगें।

7– इस योजना के लिये नियंत्री पदाधिकारी, सचिव, भवन निर्माण विभाग होंगे। वे समय–समय पर कार्य की प्रगति एवं व्यय की गई राशि की उपयोगिता की सूचना अनु० जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग को भी माहवार उपलब्ध करायेंगे।

8– इस प्रस्ताव पर सं0सं0–3 / नि0छात्रावास(निर्माण / जीर्णोद्धार)11–05 / 2020 के पृ0– / टि0 पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार से सहमति प्राप्त है।

9– इसकी सूचना सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार को दी जा रही है।

10– कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

सरकार के सचिव

ज्ञापांक–3 / नि0छात्रावास(निर्माण / जीर्णोद्धार)11–05 / 2020 183 पटना, दिनांक–08/10/2026

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) प्रधान सचिव, निगरानी विभाग, बिहार / सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(3) संबधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(4)आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर / निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग / जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी / उप विकास आयुक्त, सीतामढ़ी / उप निदेशक कल्याण, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर / जिला कल्याण पदाधिकारी, सीतामढ़ी / विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर / प्रभारी पदाधिकारी, बजट प्रशाखा, अनु0 जाति एवं अनु0जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना / आई0 टी0 मैनेजर, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07.10.26

सरकार के सचिव।

विवरणी

क्रमांक	कार्य का नाम	तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि
1	डॉ0 भीमराव अम्बेडकर आवासीय +2 उच्च विद्यालय, राघोपुर बखरी, प्रखंड–डुमरा, सीतामढ़ी के बालक छात्रावास सं0–2 (बिरसा मुण्डा हॉस्टल) G+2 में Renovation of E/W & E/I (विधुत संबंधित जीर्णोद्धार कार्य) में कार्य	₹24,96,785
	Total	₹24,96,785

(चौबीस लाख छियान्वे हजार सात सौ पचासी रू0)

07.10.26

सरकार के सचिव।